राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.3 (ख)(पदोन्नति) / 2022–23 / अलेसे– ।। / दिनांकः– 31/05/2022

आदेश संख्या 25 / 2022–23

राजस्थान अधीनस्थ लेखा सेवा नियम, 1963 के नियम 29(2ए) के अन्तर्गत गठित विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी वर्ष 2013–14) की सिफारिशों के आधार पर श्री जीवाराम परिहार, (अ.जा.) कनिष्ठ लेखाकार (मेरिट सं. आर 135/92) जन्म तिथि 12.06.1970 का चयन उक्त नियमों के अन्तर्गत सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।। के रिक्त पद पर वरिष्ठता सह योग्यता के आधार पर किया गया था, किन्तु इनके विरूद्ध सीसीए–17 में आरोप पत्र जारी किये जाने के कारण पदोन्नति नतीजे को बंद लिफाफा किये जाने की अनुशंसा की गई थी। प्रकरण विचारधीन होने के कारण इनके पदोन्नति आदेश जारी नहीं किये गये।

श्री जीवाराम परिहार, (अ.जा.) कनिष्ठ लेखाकार के विरूद्ध विचाराधीन ज्ञापन दिनांक 25.03.2003 द्वारा सीसीए–17 में आरोप पत्र जारी किये जाने के कारण पदोन्नति नतीजा बंद किये जाने एवं विचाराधीन प्रकरण में कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही के पत्र क्रमांक 511–17 दिनांक 20.12.2021 के द्वारा उक्त प्रकरण को ड्रॉप किये जाने के कारण इनकी पदोन्नति की जाकर सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।। पद की वेतन श्रृंखला 9300–34800 (पे बैण्ड –2), ग्रेड पे–3600/– में स्थानापन्न रूप से नियुक्त किया जाता है।

श्री जीवाराम परिहार (अ.जा.) को सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।। के पद पर चयन वर्ष 2013–14 से इस आदेश की पालना में वास्तविक कार्यग्रहण तिथि तक पदोन्नति पद की वेतन श्रृंखला में वेतन निर्धारण का केवल काल्पनिक लाभ ही देय होगा।

श्री जीवाराम परिहार, (अ.जा.) कनिष्ठ लेखाकार के पदोन्नति के फलस्वरूप अपने वर्तमान पद पर अस्थाई रूप से सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।। पद पर क्रमोनन्त मानते हुए कार्यग्रहण कर अग्रिम आदेशों तक यथावत कार्यरत रहेंगे। श्री जीवाराम परिहार को पदोन्नति पर वास्तविक परिलाभ कार्यग्रहण तिथि से देय होंगे एवं पदस्थापन आदेश पृथक से जारी किये जायेंगे।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.3 (ख)(पदोन्नति) / 2022–23 / अलेसे– ।। / दिनांकः– 31/05/2022

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. संबंधित कोषाधिकारी।
3. विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष ............................................ को प्रेषित कर निवेदन है कि संबंधित कार्मिक के पदोन्नति पर कार्यग्रहण की सूचना विभाग को आवश्यक रूप से प्रेषित करावें।
4. संयुक्त निदेशक, कार्मिक–।।।, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त कनिष्ठ लेखाकार की निजी पत्रावली अलेसे–।। अनुभाग को भिजवाने का श्रम करावें।
5. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर अनुभाग को वेबसाइट पर अपलोड करने तथा पीआईएस रिकार्ड संधारण हेतु।
6. निजी सचिव, निदेशक महोदय।
7. डीपीसी अनुभाग / गोपनीय अनुभाग / वरिष्ठता।
8. श्री ............................................ सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–।। कार्यालय ............................................ ।
9. रक्षित पंजिका / आदेश पंजिका।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–।।)

D:\SAS-II\sas-ii\kailash ji\order